No. of Printed Pages : 3

6000249

3306

Register Number | | | | | | |

Language — Part I — HINDI — Paper I

Time Allowed : 3 Hours]   [Maximum Marks : 100

सूचना : (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नजर आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) उत्तर देने हेतु काला या नीला स्याही का ही प्रयोग कीजिए।

I. निम्नलिखित में से **किसी एक** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **1x5=5**

1. जपमाला छापै, तिलक सरै न एकौ कामु।
   मन - कांचै नाचै वृथा, सांचै रांचै रामु॥

2. कालहु करत सहाय क्षुद्र किन होय, मानहु
   मूल्य जानि बडेउ विश्वतेउ॥

II. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **2x5=10**

3. गौरव भाल हिमाचल उज्ज्वल
   हृदय हार गंगा जल,
   कटि विन्ध्याचल सिन्धु चरण तल
   महिमा शाश्वत गाता!

4. जो अगणित लघु दीप हमारे,
   तूफानों में एक किनारे,
   जल-जलकर बुझ गए किसी दिन माँगा नहीं स्नेह मुँह खोल।
   कलम आज उनकी जय बोल।

5. श्याम तन, भर बँधा यौवन,
   नत नयन, प्रिय-कर्म-रत-मन,
   गुरु हथौडा हाथ, करती बार-बार प्रहार; -

[Turn over

III. निम्नलिखित में से **किसी एक** पद्य का सारांश लिखिए : 1x15=15

6. राम – सुग्रीव मैत्री
7. नदी के द्वीप
8. पंचवटी प्रसंग

IV. पद्य लेखन : 1x10=10

9. रहीम के कोई तीन दोहे लिखिए।

अथवा

10. 'मातृभाषा प्रेम' कविता की प्रथम छ: पंक्तियाँ लिखिए।

V. 11. निम्नलिखित में से **किसी एक** का सोदाहरण लक्षण लिखिए। 1x5=5

(अ) रोला
(आ) दोहा
(इ) हरिगीतिका

12. निम्नलिखित में से **किसी एक** का सोदाहरण लक्षण लिखिए : 1x5=5

(अ) उत्प्रेक्षा
(आ) अनुप्रास
(इ) अतिशयोक्ति

VI. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2x5=10

13. नीलकंठ की मुद्रा को अपने प्रति सम्मानसूचक समझकर विस्मयाभिभूत हो उठता था। कई विदेशी महिलाओं ने उसे 'परफैक्ट जेंटिलमैन' की उपाधि दे डाली।
14. किसी को पराजित करने की भावना ही मनुष्य की सबसे बड़ी दुर्बलता है, सम्राट!
15. इस भीड़ में अधिकतर वही लोग आए थे, जो बेहद गरीब थे, जो अदालत तक जा नहीं सकते अथवा ऐसे लोग थे जो अदालत में अपना सब कुछ लुटाकर भी न्याय नहीं पा सके थे।
16. अब मेरे हृदय में केवल एक ही अभिलाषा बाकी है कि मैं अपनी मातृभूमि की रजकण बनूँ।

VII. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 4x3=12

17. लेखक धर्मशाला में क्यों नहीं ठहर पाया?
18. संस्कृत भाषा अमर है – कारण बताइए।
19. पहला कृत्रिम उपग्रह किसने छोड़ा और कब?

20. नखासकोने की विशेषता क्या-क्या है?

21. कुमार की निर्भिक्ता का पता कैसे चलता है?

22. लेखक ने बनारसी एक्के पर क्यों लिखा?

23. कैसे लोग शिकायत लाते थे?

VIII. निम्नलिखित में से **किसी ऍक** पाठ का सारांश लगभग **तीन सौ** शब्दों में लिखिए : 1x15=15

24. अशोक।

25. यह मेरी मातृभूमि है।

26. गंगावारि मनोहारी।

IX. 27. निम्नलिखित के सही जोड़े मिलाइए : 5x1=5

'क'		'ख'
(अ) पंचवटी प्रसंग	(i)	सतसई
(आ) नदी के द्वीप	(ii)	मैथिलिशरण गुप्त
(इ) राम-सुग्रीव मैत्री	(iii)	गिरिजाकुमार माथुर
(ई) बिहारी	(iv)	सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्सायायन 'अज्ञेय'
(उ) पहिये	(v)	तुलसीदास

X. 28. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** के अर्थ लिखकर वाक्यों में उनका प्रयोग कीजिए : 4x2=8

(अ) सम्मान करना

(आ) वाङ्मय

(इ) निवारण करना

(ई) कृत्रिम

(उ) अनोखा

(ऊ) पानी-पानी होना

(ए) लार टपकना

(ऐ) परिक्रमा

-o0o-